(3) तारीख 25-4-1967 को सं० एफ 11/40/66 पी आई के तहत परिचालित नियमों के अनुसार स्वेच्छानुदान ।

(4) सी सी एस (अवकाश) नियम 1972 के नियम 40(7) के अधीन अवकाश वेतन ।

(घ) और (ङ) . स्वर्गीय हैड कांस्टेबल की विधवा ने महिला कांस्टेबल के पद के लिए आवेदन पत्र भेजा था तथा उन्हें पुलिस महानिरीक्षक ने सूचित किया कि यदि वे कल्याण केन्द्रों में कोई नौकरी करना चाहें तो पुलिस अधीक्षक लाइन्स से भेंट कर सकती हैं । क्योंकि इस समय दिल्ली पुलिस महिला कांस्टेबलों की कोई भर्ती नहीं की जा रही हैं ।

Developments in Pakistan

5941. DR. BAPU KALDATY: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether the recent developments in Pakistan have any bearing on our Defence strategy;

(b) if so, whether Government have taken adequate steps in this regard; and

(c) any safeguards for the general public particularly the border community?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM): (a) to (c). The recent developments in Pakistan are an internal affair of that country, and have no material bearing on our defence strategy.

Normal conditions have continued to exist on the border. No special safeguards are, therefore called for. Our security forces are continuing to maintain usual vigilance.

फोटो डिवीजन एकक में निदेशक का पद

5942. श्री मदन तिवारी : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मन्त्रालय के अधीन फोटो डिवीजन एकक में निदेशक का पद अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए आरक्षित है और उसे संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भरा जाता है;

(ख) क्या इस पद पर श्री टी० एस० नागराजन की नियुक्ति की गई थी, यद्यपि वह अनुसूचित जाति के सदस्य नहीं हैं; और

(ग) क्या सरकार ने इस मामले की जांच की है और इस पद पर अनुसूचित जाति के एक सदस्य को नियुक्त करने का निर्णय किया है, यदि हां, तो कब तक ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लालकृष्ण अडवाणी) : (क) जी, नहीं । यह खाली पद अनुसूचित आदिम जाति के सदस्यों के लिए आरक्षित है और इसको संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिश के आधार पर भरा जायेगा ।

(ख) श्री नागराजन को तब तक तदर्थ आधार पर नियुक्त किया गया है जब तक यह खाली पद संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर नियमित आधार पर नहीं भरा जाता ।

(ग) आरक्षित खाली पद की भर्ती के लिए एक मांग-पत्र संघ लोक सेवा आयोग को भेजा गया था। आयोग ने 26-7-77 को अनुसूचित आदिम जाति के चुने हुए उम्मीदवारों का इण्टरव्यू ले लिया है । आयोग की सिफारिश की प्रतीक्षा है ।